प्रसार भारती
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार बुलेटिन
18.45 मंगलवार    दिनांक 10.12.2024

मुख्य समाचारः–

- अमर शहीद वीर नारायण सिंह के बलिदान दिवस पर आज मुख्यमंत्री ने सोनाखान में अनेक विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन किया।
- राज्य सरकार ने सूखे नशे पर लगाम लगाने के लिए एन्टी नारकोटिक्स टास्क फोर्स का गठन किया है।
- स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन का सातवां संस्करण कल छत्तीसगढ़ के चार संस्थानों सहित देश भर के इक्यावन केंद्रों में एक साथ शुरू होगा।
- आज मानवाधिकार दिवस मनाया जा रहा है।

वीरनारायण सिंह–बलिदान दिवस

छत्तीसगढ़ के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम सेनानी अमर शहीद वीर नारायण सिंह के बलिदान दिवस पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय आज बलौदाबाजार–भाटापारा जिले के सोनाखान पहुंचे। इस दौरान मुख्यमंत्री ने सोनाखान में एक सौ बयानवे करोड़ रूपये के दो सौ बयालीस कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने सोनाखान में पोस्ट मैट्रिक छात्रावास, शहादत दिवस पर सोनाखान में मेले के लिए पंद्रह लाख रूपये देने के साथ ही शहीद वीर नारायण सिंह के वंशज के परिजनों को पेंशन देने की घोषणा की।

इससे पहले, मुख्यमंत्री ने रायपुर के जयस्तंभ चौक पर वीर नारायण सिंह की प्रतिमा पर मल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वतंत्रता के लिए अपना जीवन न्यौछावर कर देने वाले आदिवासी जन–नायक वीरनारायण सिंह, छत्तीसगढ़ महतारी के सच्चे सपूत थे।

आज ही छत्तीसगढ़ डाक परिमंडल द्वारा शहीद वीर नारायण सिंह की शहादत पर विशेष डाक टिकट का विमोचन भी किया गया।

मुख्यमंत्री–महाकुंभ आमंत्रण

उत्तरप्रदेश के प्रयागराज में तेरह जनवरी से छब्बीस फरवरी तक गंगा, यमुना और सरस्वती नदियों के संगम पर महाकुंभ का आयोजन किया जाएगा। इस आयोजन में शामिल होने के लिए उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को आमंत्रण भेजा है। मुख्यमंत्री निवास पर आज उत्तरप्रदेश के आईटी और इलेक्ट्रॉनिक्स मंत्री सुनील कुमार शर्मा और समाज कल्याण राज्यमंत्री संजय गोंड ने श्री साय को गंगा जल और प्रतीक चिन्ह भेंटकर आमंत्रण पत्र सौंपा।

इसके बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए उत्तरप्रदेश के मंत्री सुनील कुमार शर्मा ने महाकुंभ के दौरान उत्तरप्रदेश सरकार द्वारा श्रद्धालुओं के लिए की जा रही व्यवस्थाओं की जानकारी दी।

महाकुंभ में जाने वाले छत्तीसगढ़ के श्रद्धालुओं के लिए प्रयागराज में छत्तीसगढ़ सरकार पंडाल लगाएगी। साथ ही लोगों के ठहरने और भोजन की व्यवस्था भी की जाएगी।

स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन

स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन का सातवां संस्करण कल ग्यारह दिसंबर को देशभर के इक्यावन केंद्रों में एक साथ शुरू होगा। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान इस दो दिवसीय कार्यक्रम का वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से उद्घाटन करेंगे। छत्तीसगढ़ में रायपुर स्थित एमिटी यूनिवर्सिटी ''स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन'' की मेजबानी करेगी।

बिलासपुर के गुरू घासीदास केंद्रीय विश्वविद्यालय में ''स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन'' के नोडल अधिकारी डॉक्टर मनोज कुमार ने बताया कि इस कार्यक्रम से संबंधित सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

छत्तीसगढ़ में चार स्थानों पर स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन का आयोजन किया जाएगा। इनमें भिलाई, बिलासपुर, रायपुर और दुर्ग में स्थित शिक्षण संस्थान शामिल हैं।

<u>सूखा नशा–एएनटीएफ</u>

राज्य सरकार ने प्रदेश में सूखे नशे पर लगाम लगाने के लिए  एन्टी नारकोटिक्स टास्क फोर्स–एएनटीएफ का गठन किया है। यह टास्क फोर्स पंजाब, उत्तरप्रदेश और दिल्ली जैसे राज्यों की तर्ज पर काम करेगी। पुलिस मुख्यालय में नारकोटिक्स नियंत्रण शाखा के प्रभारी पुलिस महानिरीक्षक अजय यादव इस टास्क फोर्स के प्रमुख होंगे। उन्होंने आकाशवाणी समाचार से बातचीत में बताया कि उनके साथ बीस अधिकारियों की टीम काम करेगी। इसके साथ ही सभी जिलों में एएनटीएफ की टीमें बनाई जाएंगी।

<u>मानवाधिकार दिवस</u>

आज मानवाधिकार दिवस मनाया जा रहा है। प्रतिवर्ष दस दिसंबर को मानवाधिकारों के संबंध में सार्वभौम घोषणा की याद में यह दिवस मनाया जाता है। नई दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने सभी के अधिकारों और गरिमा की सुरक्षा करने वाले समान डिजिटल वातावरण को सुनिश्चित करने के महत्व पर बल दिया। राष्ट्रपति ने कहा कि साइबर अपराध और जलवायु परिवर्तन मानवाधिकारों के लिए नई चुनौतियां हैं। उन्होंने कहा कि डिजिटल युग परिवर्तनकारी है, लेकिन इससे साइबर बुलिंग, डीप फेक, गोपनीयता संबंधी चिंताएं और गलत सूचना के प्रसार जैसे मुद्दे भी सामने आये हैं।

राष्ट्रपति ने कहा कि भारत ने गरीबी और भुखमरी को समाप्त करने तथा युवाओ को समान अवसर प्रदान करने के लिए नीतियां लागू कर के दुनिया के सामने उदाहरण पेश किया है।

अन्न कोष योजना—शुभारंभ

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कल सरगुजा जिले में विशेष पिछड़ी जनजाति पहाड़ी कोरवा समुदाय की गर्भवती और शिशुवती माताओं को अतिरिक्त पोषण आहार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 'मुख्यमंत्री अन्न कोष योजना' का शुभारंभ किया। जिला प्रशासन द्वारा यह योजना पायलट प्रोजेक्ट के रूप में शुरू की गई है। इससे पहाड़ी कोरवा समुदाय में मातृ मृत्युदर और शिशु मृत्युदर को कम करने में मदद मिलेगी।

इसके अलावा मुख्यमंत्री ने मनेन्द्रगढ़—चिरमिरी—भरतपुर जिले के चिरमिरी में सौ बिस्तरों वाले सर्व—सुविधायुक्त जिला अस्पताल का शुभारंभ किया।

विषाक्त भोजन—छात्रा मौत

बीजापुर जिले में धनोरा के एक आवासीय विद्यालय में विषाक्त भोजन का सेवन करने से एक छात्रा की मौत हो गई। वहीं, पैंतीस छात्राएं बीमार हैं। इनमें से नौ की हालत गंभीर बताई जाती है। इस संबंध में और जानकारी दे रहे हैं, हमारे बीजापुर संवाददाता के. संतोष कुमार —

अग्निवीर भर्ती रैली—युवक मौत

रायगढ़ में जारी अग्निवीर भर्ती रैली के दौरान अभ्यर्थियों के बीच कराई गई दौड़ में एक युवक बेहोश होकर गिर गया और इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। डॉक्टरों ने जांच में पाया कि यह युवक सिकलसेल की बीमारी से ग्रसित था। पोस्टमार्टम के बाद प्रशासन ने युवक का शव परिजनों को सौंप दिया है। इसके बाद युवक के शव को जिला प्रशासन के अधिकारियों के साथ गृहग्राम भेजा गया। जिला प्रशासन द्वारा युवक के अंतिम संस्कार के लिए सहायता राशि प्रदान की गई है। मृतक के परिजनों को मुख्यमंत्री स्वेच्छानुदान से भी दस लाख रूपये का आर्थिक सहयोग प्रदान किया जाएगा।

## ईडी–चालान

प्रवर्तन निदेशालय–ईडी ने डीएमएफ घोटाला मामले में कल विशेष न्यायालय में आठ हजार से अधिक पन्नों का चालान पेश किया। इसमें निलंबित आईएएस अधिकारी रानू साहू, राज्य प्रशासनिक सेवा के अधिकारी माया वारियर सहित सोलह लोगों को आरोपी बनाया गया है।

इस बीच, एन्टी करप्शन ब्यूरो–एसीबी और आर्थिक अपराध अन्वेषण शाखा–ईओडब्ल्यू द्वारा दर्ज मामले में प्रदेश के पूर्व महाधिवक्ता सतीशचंद्र वर्मा की अग्रिम जमानत याचिका पर हाइकोर्ट में आज सुनवाई हुई। सुनवाई पूरी होने के बाद एकल पीठ ने अपना फैसला सुरक्षित रखा है।

## मौसम

प्रदेश में ठंडी और शुष्क हवाओं का आगमन लगातार जारी है। मौसम विज्ञानी एच.पी. चंद्रा ने आकाशवाणी समाचार को बताया कि राज्य के मैदानी इलाकों के तापमान में करीब पांच डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज की गई है।

## संक्षिप्त समाचार

- मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में कल ग्यारह दिसंबर को सुबह ग्यारह बजे से मंत्रालय में राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक होगी।
- रायगढ़ जिले के उर्दना गांव में कल छठी बटालियन का उनतालीसवां स्थापना दिवस मनाया गया। वित्त मंत्री ओ.पी. चौधरी इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए।
- मुंगेली जिले के सेतगंगा में कल सुबह बजे से जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जाएगा।

<><><><><>